# स्मार्ट सिटी में विकसित होंगे हरित क्षेत्र

## पैन सिटी, री-डिवेलपमेंट के तहत बड़ा परिवर्तन, सभी विभागों की बनेगी एक रिपोर्ट

■ पवन कुमार शर्मा, धर्मशाला

स्मार्ट सिटी धर्मशाला में ग्रीन फील्ड डिवेलपमेंट के तहत नए एरिया विकसित किए जाएंगे। पुराने शहरी क्षेत्र के अलावा नगर निगम में शामिल होने वाली नई पंचायतों के एरिया को भी इसमें शामिल कर नए ग्रीन फील्ड एरिया डिवेलप किए जाएंगे। स्मार्ट सिटी के प्रोपोजल के लिए पहले चार मॉडल तैयार किए जा रहे हैं। इसमें पैन सिटी, री-डिवेलपमेंट और शहर में पुरानी व्यवस्था में सुधार योजनाओं के तहत बड़ा परिवर्तन शामिल है। इसके लिए विभिन्न विभागों की अपनी-अपनी रिपोर्ट के बजाय एक रिपोर्ट बनाई जाएगी। स्मार्ट सिटी धर्मशाला में रहने वाले लोगों और इसमें मिलने वाली नई पंचायतों के एरिया में बसे लोगों के लिए यह भी सुखद समाचार है कि इस सुंदर शहर में नए एरिया भी डिवेलप किए जाएंगे। जहां पर लोग आधुनिक सुविधाओं से लैस ग्रीन फील्ड एरिया में रह सकेंगे, जबकि पैन सिटी में लोगों को आधुनिक ढंग से सुरक्षा, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, बिजली, पानी, सड़क सहित इंटरनेट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसमें पुराने व नगर निगम में शामिल होने वाले नए एरिया को कवर कर समान सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। री-डिवेलपमेंट प्लान के तहत पुराने ढांचे को बिना नुकसान से संवारने की योजना पर काम करते हुए एरिया सिलेक्शन कर देखा जाएगा कि कहां पर आसानी से बिना किसी को नुकसान पहुंचाए, क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं। देश भर के रज्यों के स्मार्ट सिटी से मुकाबला करने के लिए धर्मशाला में पूर्व योजना के तहत तैयारी करते हुए काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों सहित सभी विभागाध्यक्षों को स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट की परिकल्पना के बारे में बताया जा रहा है। उधर, शहरी विकास विभाग के निदेशक कैप्टन जेएम पठानिया ने बताया कि धरातल पर पहले जनता और अब प्रशासन व विभागाध्यक्षों के सुझाव लेकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### निर्वासित तिब्बत सरकार से भी मांगे सुझाव

**स्मार्ट** सिटी धर्मशाला-मकलोडगंज में रहने वाले शरणार्थी तिब्बती व उनकी सरकार के प्रतिनिधि भी इस शहर को संवारने और उसके प्रोपोजल के लिए अपने सुझाव देंगे। इसके लिए शहरी विकास विभाग ने तिब्बत सरकार व उनके प्रतिनिधियों से भी खामियां दूर कर शहर के सौंदर्यीकरण को सुझाव मांगे हैं।

दिव्य हिमाचल देवभूमि का अग्रणी समाचारपत्र
Oct 19th, 2015



LIVE IN LEVI'S® JEANS
INTRODUCING THE NEW WOMEN
DENIM COLLECTION
WORN BY ALICIA KEYS

## स्मार्ट सिटी पर दिए सुझाव

**धर्मशाला —** शहरी विकास विभाग द्वारा धर्मशाला नगर परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में धर्मशाला को देश की प्रथम 20 स्मार्ट सिटी में सम्मिलित करने के लिए कार्य योजना पर चर्चा की गई। कार्यशाला में उपायुक्त कांगड़ा रितेश चौहान, एसपी कांगड़ा अभिषेक दुल्लर, निदेशक नगर नियोजन संदीप कुमार, एडीसी सुदेश मोख्टा, एसडीएम श्रवण मांटा और डीएसपी मुख्यालय  हितेश लखनपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तिब्बतियन समुदाय के लोग सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। निदेशक शहरी विकास, कैप्टन जेएम पठानिया ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के लिए भारत सरकार से दो करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में  धर्मशाला स्मार्ट सिटी मिशन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से सुझाव मांगे गए हैं। सभी संबंधित विभागों से परियोजना के संदर्भ में अपने विभागों का विस्तृत विकासात्मक ब्यौरा शीघ्र सौंपने के लिए कहा गया है ताकि 15 दिसंबर, 2015 तक स्मार्ट सिटी प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। जेएम पठानिया ने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के संदर्भ में लोगों को जागरूक करने के लिए पूर्व में विभाग द्वारा तीन कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं और अब विभाग जन सहभागिता और जागरूकता के लिए वार्ड स्तर पर इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित करेगा।  स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी से सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपायुक्त कांगड़ा सहित अधिकारियों और लोगों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

October 16th, 2015

| Print | Add a Comment | tell & Share

## BRIEFLY

MANDI

**Man held with 2 kg charas**

The district police have seized more than 2 kg charas from the possession of a Kullu resident. The police recovered 2.265 kg charas from the possession of Shiv Ram, a resident of Kutchah under Anni tehsil in Kullu district, during a patrolling by Karsog SHO Sunil Kumar on Wednesday. The SHO said a case under the NDPS Act had been registered at the Karsog police station and investigations were on. — TNS

KULLU

**1.2 kg charas seized**

The Kullu police have arrested one person and seized 1.2 kg charas from his possession during a patrolling at Patarna bridge in Anni subdivision of the district on Wednesday. The police said Khem Chand, a resident of Tharba village, was nabbed and the contraband was seized from his possession. Kullu SP Padam Chand said a case under the NDPS Act had been registered. — OC.

# 'Think Smart' theme for making D'sala Smart City

LALIT MOHAN
TRIBUNE NEWS SERVICE

**DHARAMSALA, OCTOBER 15**

Urban Development Department of the state today conducted a conference here today to chalk out a plan for development of Dharamsala as a Smart City.

"Think Smart" was the basic theme of the discussion held today with the heads of various government departments held here today. This was the third such meeting. Earlier two meeting were held in Kotwali bazaar and McLeodganj.

Director Urban Development JM Pathania, while explaining the concept of scheme to all the government officials, stressed on the theme "Think Smart" for making Dharamsala a Smart City.

**The plan**

- The Dharamsala Municipal Council has received Rs 2 crores from the Union Ministry for Urban Development for chalking out plan to develop Dharamsala as a Smart City
- The plan has to be submitted with the union ministry by December 15 on the basis of which Dharamsala would compete and try to come in the first 20 cities that would be provided grant for development as a Smart City

The Dharamsala Municipal Council has received Rs 2 crores from the Union Ministry for Urban Development for chalking out plan to develop Dharamsala as a Smart City. The plan has to be submitted with the union ministry by December 15 on the basis of which Dharamsala would compete and try to come in the first 20 cities that would be provided grant for development as a Smart City.

During the three meetings held for the Smart City proposal, the people have been submitting their ideas for improvement of Dharamsala town. However, the officials of Urban Development Department have been stressing the concept of Smart City can evolved only of every citizen of the town starts thinking "smart".

By this they imply that in a Smart City the citizens should themselves start removing the encroachments made by them keeping their surroundings clean, constructing buildings as per the plans of town and country planning department, help in creating infrastructure and inculcating civil behaviour in them.

The only "smart" decision that the state government has taken towards making Dharamsala a Smart City was increasing the urban limits and upgrading council to corporation. This would provide a wider scope of development to the authorities.

The meeting on Smart City was today attended by the deputy commissioner Kangra, Ritesh Chauhan, SP Kangra Abhishek Dular and Director, Town and Country Planning Sandeep Kumar.

# Mini[...]
# ston[...]

OUR CORRESPO[...]

**UNA, OCTOBER 15**

Industries [...] Mukesh Agnih[...] laid the foundat[...] a cactus garden[...] village in Poliar[...] of Haroli segme[...]

Speaking on t[...] he said Rs 50 la[...] spent to develop[...] on five hectares[...] 150 different sp[...] tus would be pla[...]

He said the ca[...] would be the [...] kind in the [...] expressed ho[...] would be an at[...] tourists and vis[...]

He said Rs 10[...] be spent on dev[...] garden during [...] financial year.

The ministe[...] the foundation[...] raen basera [...] Ghaluwal vi[...]

# जनता के 'आइडियाज' पर अब बनेगा स्मार्ट धर्मशाला

## पहले 20 शहरों में धर्मशाला को शुमार करने की कवायद शुरू

धर्मशाला, 15 अक्तूबर (निजेस): प्रदेश की उद्घोषित राजधानी धर्मशाला को स्मार्ट बनाने में अब लोगों से 'आइडियाज' लिए जाएंगे। स्मार्ट सिटी बनाने के लिए विभाग ने अब लोगों से सुझाव लेने शुरू कर दिए हैं तथा अब लोगों से मिलने वाले सुझावों से धर्मशाला को स्मार्ट बनाया जाएगा। इसकी कवायद के चलते वीरवार को एक कार्यशाला धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें धर्मशाला के लिए स्मार्ट सिटी योजना बनाने में सहायता देने वाले सभी विभागों के अधिकारियों व धर्मशाला के बुद्धिजीवी व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में स्मार्ट सिटी पर मंथन किया गया। इस योजना के तहत अब विभाग बंद कमरे में प्रपोजल नहीं बनाएंगे, बल्कि जमीनी स्तर पर आम जनता के प्रपोजल इसके लिए आवश्यक होंगे। जनता के जो भी सुझाव व राय आएगी उसी आधार पर स्मार्ट सिटी की प्रपोजल तैयार होगी। स्मार्ट सिटी के लिए चुने गए धर्मशाला को अब प्रदेश शहरी विकास विभाग पहले 20 शहरों में शामिल करने की कवायद में जुट गया है, जिससे कि इसी वर्ष से स्मार्ट सिटी पर काम शुरू हो सके।

स्मार्ट सिटी के लिए डाटा कलैक्शन साऊंड बने इसके लिए विभाग काम कर रहा है, जिससे कि विभिन्न विभागों के डाटा और उनके बजट के आधार पर उनकी फाइनांशियल प्लानिंग की जा सके। विभाग निरंतर इस दिशा में कार्य कर रहा है, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है, अब वार्ड स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने की योजना विभाग ने बना ली है। प्रपोजल में विभाग ने निर्वासित तिब्बत सरकार को भी शामिल किया है।



धर्मशाला : वीरवार को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए हुई मंथन कार्यशाला में भाग लेते जिलाधीश कांगड़ा रितेश चौहान, शहरी विकास विभाग के निदेशक कै. जे. एम. पठानिया, पुलिस अधीक्षक कांगड़ा अभिषेक दुल्लर व अन्य। (छाया)

### लोगो के लिए होगा कंपीटीशन

स्मार्ट सिटी के लोगो के लिए भी आम जनता विशेषकर युवा वर्ग से लोगो मंगवाए जाएंगे। इन लोगो में से जो सबसे बैस्ट होगा, उसे एक्सपर्ट को भेजा जाएगा तथा एक्सपर्ट द्वारा उसमें कुछ बदलाव के बाद स्मार्ट सिटी का लोगो तैयार होगा, वहीं स्मार्ट सिटी कैसा हो, इसके लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्मार्ट सिटी को लेकर लोगों की प्रपोजल लेने में जुटा शहरी विकास विभाग निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित करवाएगा, जिससे यह पता चल सकेगा कि लोग किस तरह की स्मार्ट सिटी चाहते हैं। मैक्लोडगंज, कोतवाली बाजार और कचहरी अड्डे में विभाग 3 कार्यशालाएं आयोजित कर चुका है। अब वार्ड स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यशालाओं में वे क्षेत्र भी शामिल होंगे, जिन्हें नगर निगम में शामिल किया गया है, जिससे उन लोगों की राय व सुझाव भी स्मार्ट सिटी में शामिल हो सकें।

### " बंद कमरे में नही बनाएंगे प्रपोजल : निदेशक

स्मार्ट सिटी के लिए प्रपोजल विभाग बंद कमरे में नहीं बनाएगी, बल्कि आम जनता की प्रपोजल को इसमें तरजीह दी जाएगी। निर्वासित तिब्बत सरकार की भी इसमें भागीदारी सुनिश्चित की गई है। स्मार्ट सिटी का लोगो फाइनल करने के लिए कंपीटीशन का आयोजन किया जाएगा, वहीं स्मार्ट सिटी कैसी हो, इसके लिए लोगों की राय जानने के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। लोगों को वार्ड स्तर पर इसके बारे में जानकारी दी जाएगी।

- कैप्टन जे.एम. पठानिया, निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश